# कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर

कमांक / बैठक / 2012 / 547 | दिनांक :: 17 दिसम्बर, 2012

## बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को माननीय मुख्य सचिव महोदय, राजस्थान द्वारा जोधपुर भ्रमण एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित करने के फलस्वरूप दिनांक 14 दिसम्बर, 2012 को जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक नहीं हुई। इस कारण आगामी दिवस 15 दिसम्बर, 2012 को अपरान्ह 4.30 बजे श्री रतन लाहोटी, अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड एवं आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों / अधिकारियों का विवरण परिशिष्ट–1 पर संलग्न है। बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से निम्नानुसार निर्णय लिये:–

**प्रस्ताव संख्या 1 :: गत बैठक दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 में लिये गये निर्णयों की पुष्टि।**

बैठक में गत बैठक दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 का जारी कार्यवाही विवरण बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया गया। बैठक में विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से बैठक कार्यवाही विवरण का अनुमोदन करने का निर्णय लिया गया।

**प्रस्ताव संख्या 2 :: शहर के प्रमुख सडक मार्गों के नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के संबंध में।**

बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों के संबंध में अवगत कराने पर निम्नलिखित स्थिति सामने आयी:–

1– जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर:–

कार्य पूर्ण / प्रगति पर–

1– सरदारपुरा डी रोड को 4 लेन सडक का निर्माण कार्य पूर्ण (350.00 लाख)
2– डी.आर.एम. ऑफिस से गोल बिल्डिंग चौराहा वाया नेहरू पार्क को 4 लेन सडक निर्माण कार्य (180.00 लाख)
3– रोटरी चौराहा द्वितीय से शास्त्री सर्कल – आई.टी.आई. चौराहा तक 4 लेन सडक निर्माण (400.00 लाख)
4– घडी तिराहा से सालासर हैण्डलूम तक 4 लेन सडक निर्माण कार्य (400 लाख)
5– सम्पर्क सडक के.एन. मुखर्जी मार्ग (रिक्तिया भैरूजी) से सब्जी मण्डी रातानाडा वाया पी.डब्ल्यू.डी. चौराहा – सैनापति भवन चौराहा 4 लेन सडक निर्माण कार्य (840.00 लाख)
6– पाल लिंक रोड के सौन्दर्यकरण एवं ड्रैनेज का कार्य (520.00 लाख)
7– ओलम्पिक तिराहे से जालोरीगेट तक (600 मीटर)
8– पी.डब्ल्यू.डी. चौराहे से संवित् सर्कल तक माईक्रोसरफेसिंग (410 मीटर)
9– ताराचन्द सर्कल से खासबाग चौराहे तक माईक्रोसरफेसिंग (860 मीटर)

निविदा जारी:–

1– गौरव पथ एयरपोर्ट से 12वीं रोड चौराहा तक नवीनीकरण का कार्य – 5.50

किलोमीटर राशि रूपये 463.60 लाख

2– पावटा चौराहे से पुरी तिराहे तक सडक नवीनीकरण का कार्य – 2.50 किलोमीटर राशि रूपये 131.00 लाख

3– मेडिकल कॉलेज से दल्ले खां की चक्की तक – 1.50 किलोमीटर राशि रूपये 102.00 लाख

2– नगर निगमः–

निविदा जारीः–

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) |
|---|---|---|
| 1– | सेक्टर 1 व सेक्टर 2 चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 14.95 |
| 2– | सेक्टर 11 चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 9.32 |
| 3– | सेक्टर 14 व 17 चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 31.95 |
| 4– | सेक्टर 18 व 18 ई चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में डामरीकरण व सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 81.32 |
| 5– | सेक्टर 23 व 25 चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में डामरीकरण व सी. सी. सडक निर्माण कार्य | 53.30 |
| 6– | सेन्ट्रल एकेडमी सर्कल से केनाल सर्कल 17 ई/786 मेन रोड डामरीकरण व सी.सी. सडक निर्माण कार्य | 116.36 |
| 7– | चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड में नाले की सफाई व सुदृढीकरण का कार्य | 41.25 |
| | योग | 348.45 |

– निगम द्वारा 48 कार्यो के लिए राशि रूपये 1749.00 लाख के कार्यादेश जारी किये हैं जिनके कार्य प्रगति पर है।

– निगम द्वारा 18 कार्यों के लिए 7140.00 लाख रूपये के कार्यादेश जारी किये जाने की प्रकिया में है।

3– सार्वजनिक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्गः–

कार्यादेश जारीः–

1– 12वीं रोड चौराहे से आखलिया चौराहे से कायलाना चौराहे तक नवीनीकरण कार्य (0/0 से 8/0) – रूपये 8.00 करोड

राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषितः–

1– मण्डोर, पावटा, रेल्वे स्टेशन रोड किलोमीटर 296/0 से 307/0 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 65 का नवीनीकरण व सुदृढीकरण – राशि 13.34 करोड़

2– बर–बिलाडा–जोधपुर किलोमीटर 114/0 से 117/0 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 112 का नवीनीकरण व सुदृढीकरण – राशि रूपये 2.80 करोड़

3– बर–बिलाडा–जोधपुर किलोमीटर 140/0 से 143/0 राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 112 का

नवीनीकरण व सुदृढीकरण – राशि रूपये 4.75 करोड़

4– सार्वजनिक निर्माण विभागः–

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा जोधपुर शहर में स्थित 87 किलोमीटर सडकों के नवीनीकरण राशि रूपये 42.00 करोड की निविदा जारी की गई है। जो निविदा दिनांक 24 दिसम्बर, 2012 को प्राप्त होगी।

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से सभी विभागों के अधिकारियों को उपरोक्त विकास कार्य तथा अन्य विकास कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गये। साथ ही निविदाओं को अन्तिम रूप देकर कार्यादेश जारी करने की कार्यवाही शीघ्र निष्पादित करने के आदेश प्रदान किये गये।

**प्रस्ताव संख्या 3 :: वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के संबंध में।**

बैठक में बाद विचार विमर्श सर्व सम्मति से मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम को चिन्हित 66 पार्किंग स्थलों को विकसित करने के निर्देश प्रदान किये तथा यातायात पुलिस को उक्त पार्किंग स्थलों का वाहन पार्किंग के लिए उपयोग में लेने हेतु निर्देश प्रदान किये।

**प्रस्ताव संख्या 4 :: वाहन प्रदूषण की जांच के संबंध में।**

बैठक में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि जोधपुर शहर में संचालित ऑटो रिक्शा के दिनांक 1 अगस्त, 2012 से 6 दिसम्बर, 2012 तक चैकिंग के दौरान जांच 1308 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही कर 501 वाहनों को सीज किया गया। परिवहन विभाग द्वारा दिनांक 7 दिसम्बर, 2012 से 13 दिसम्बर, 2012 तक 25 तिपहिया यात्री वाहनों क विरूद्ध अभियोग बनाये गये तथा 115 अन्य डीजल से संचालित वाहनों के विरूद्ध अभियोग बनाये गये। 12 वाहनों को सीज किया जाकर प्रदूषण फैलाने वाले 60 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस की संयुक्त चैकिंग हेतु 4 टीमों का गठन किया जाकर विभिन्न स्थानों पर चैकिंग की जा रही है।

**प्रस्ताव संख्या 5 :: यातायात संकेतकों की स्थापना व क्रियान्वयन के संबंध में।**

बैठक में विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि 9 नये स्थानों पर ट्राफिक सिग्नल प्रणाली के संबंध में ट्राफिक स्टडी कर यातायात पुलिस प्रस्ताव प्रस्तुत करें ताकि उन पर विचार विमर्श किया जाकर निर्णय लिया जा सके।

**प्रस्ताव संख्या 6 :: प्रमुख सडक मार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही को नियंत्रित किये जाने के संबंध में।**

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम ने अवगत कराया कि दिनांक 1 दिसम्बर, 2012 से 14 दिसम्बर, 2012 तक कुल 86 आवारा कुत्ते तथा 94 आवारा पशु यथा गायें, टोगडी आदि पकडे गये है।

**प्रस्ताव संख्या 7 :: सडक मार्ग, फुटपाथ, बरामदों में बाधक निर्माण हटाने एवं पार्किंग के लिए छोडी गयी जगह का समुचित उपयोग सुनिश्चित किये जाने के संबंध में।**

बैठक में विचार विमर्श कर यातायात की सुगमता के लिए निर्देश दिये कि जोधपुर विकास प्राधिकरण, नगर निगम जोधपुर एवं यातायात पुलिस तीनों संयुक्त रूप से सडकों पर

किये गये अस्थायी अतिक्रमणों एवं सडक पर पडे हुए मलबे को हटाने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम के निर्देशानुसार अभियान चलाये। यह कार्यवाही आगामी सोमवार से योजनाबद्ध तरीके से प्रारम्भ की जाकर प्रतिदिन कार्यवाही जारी रखी जावे। इस कार्य हेतु आयुक्त पुलिस जोधपुर से पुलिस सहायता ली जावे तथा प्रतिदिन सडकवार कार्यक्रम तैयार कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**प्रस्ताव संख्या 8 :: बहुमंजिला इमारतों में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंध में विचार विमर्श।**

बैठक में इस संबंध में विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अवगत कराया कि दो बहुमंजिली इमारतें यथा राजू साडी मॉल, जलजोग चौराहा तथा श्री अजीत गुलेच्छा, जालम निवास समर्थ नगर में पार्किंग व्यवस्था नहीं पाये जाने तथा मानचित्र के विपरित निर्माण करने के कारण सीज करने की कार्यवाही कर उक्त भवनों को सीज किया जा चुका है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यह भी बताया कि इस संबध में कार्यवाही जारी है तथा और भी ऐसी बहुमंजिली इमारतों की सर्वे कर कार्यवाही की जा जाएगी।

बैठक में उक्त कार्य निरन्तर जारी करने के निर्देश प्रदान किये गये।

तत्पश्चात् बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

क्रमांक/बैठक/2012/548-602 दिनांक :: 17 दिसम्बर, 2012

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय एवं आवासन विभाग, राज. जयपुर ।
2. महापौर, नगर निगम, जोधपुर।
3. जिला कलक्टर, जोधपुर।
4. श्री लूणकरण पुरोहित/श्री आर.एस. सालूजा, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर
5. अतिरिक्त कलक्टर-शहर, जोधपुर
6. पुलिस उपायुक्त-पूर्व/पश्चिम/मुख्यालय एवं यातायात/पुलिस अधीक्षक-ग्रामीण, जोधपुर।
7. निजी सचिव, अध्यक्ष/आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
8. रजिस्ट्रार, जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर
9. मण्डल प्रबन्धक, भारतीय दूर संचार निगम लिमिटेड, जोधपुर
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी/आयुक्त, जोधपुर नगर निगम, जोधपुर।
11. मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर।
12. मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जोधपुर।
13. प्रबन्ध निदेशक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर।
14. प्रबन्ध निदेशक, राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड, जोधपुर।
15. मुख्य प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर।
16. जिला रसद अधिकारी, जोधपुर
17. प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर।
18. उप महाप्रबन्धक, भारतीय दूर संचार निगम लिमिटेड, जोधपुर
19. महाप्रबन्धक (प्रचालन), राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम लिमिटेड, जोधपुर
20. अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग/जो.वि.वि.नि.लि, जोधपुर।
21. क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीको, बोरानाडा/जोधपुर
22. उप आवासन आयुक्त-प्रथम/द्वितीय, राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर

23. मुख्य नियंत्रक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
24. उप निदेशक, पर्यटन, जोधपुर।
25. निदेशक अभियांत्रिकी / आयोजना / विधि / वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
26. उपायुक्त–पूर्व / पश्चिम / उत्तर / दक्षिण, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
27. कमाण्डर, 45 सीमा सडक कृतिक बल, जालम विलास, पावटा बी रोड, जोधपुर
28. अधिशाषी अभियन्ता–नगरवृत / विद्युत, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जोधपुर
29. अधिशाषी अभियन्ता, ................ (समस्त) जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
30. नोडल अधिशाषी अभियन्ता ..........................................................
31. वरिष्ठ लेखाधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
32. उप नगर नियोजक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
33. तहसीलदार, ...................... (समस्त), जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर।
34. सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
35. श्री नवीन माथुर, प्रोग्रामर, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर / मैसर्स ओसवाल डाटा प्रोसेस, कार्यालय परिसर, जोधपुर को उक्त कार्यवाही विवरण का अंकन वेब–साईट पर करने हेतु प्रेषित है।
36. श्री जुगलकिशोर पंवार, सचिव, जोधपुर ट्यूरिस्ट बस ऑनर्स एसोसिएशन, जोधपुर नण्डोर गार्ड के बाहर, जोधपुर / श्री हरिसिंह सोलंकी, सचिव, जोधपुर डिस्ट्रीक्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन, शक्तिनगर पावटा सी रोड, जोधपुर
37. ——————————————————

सचिव
जोधपुर विकास प्राधिकरण,
जोधपुर

परिशिष्ट–1

**दिनांक 15 दिसम्बर, 2012 को अपरान्ह 4.30 बजे श्री रतन लाहोटी, अध्यक्ष, जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड एवं आयुक्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की अध्यक्षता में आयोजित जोधपुर यातायात नियंत्रण बोर्ड की बैठक में उपस्थित अधिकारियों का विवरण**

| क्र.सं. | नाम अधिकारी मय पदनाम व विभाग |
|---|---|
| 1. | श्री राहूल प्रकाश, उपायुक्त–पुलिस यातायात, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 2. | श्री जुगल किशोर मीना, आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर |
| 3. | श्री एम.एल. नेहरा, आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर |
| 4. | श्री डी.एस. ढ्ढा, आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर |
| 5. | श्री हरि प्रसाद पिपरालिया, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 6. | श्री एम.एस. रावल, निदेशक–अभियांत्रिक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 7. | श्री एस.एल. सेठी, निदेशक–आयोजना, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 8. | श्री अमिताभ योगानन्दी, निदेशक–वित्त, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 9. | श्री नेमाराम परिहार, अधीक्षण अभियन्ता–नगर, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, जोधपुर |
| 10. | श्री करणी सिंह, सहायक आयुक्त–यातायात, पुलिस, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 11. | श्री जीवन खां, सहायक आयुक्त–यातायात, पुलिस, जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट, जोधपुर |
| 12. | श्री अशोक भाटी, उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर |
| 13. | श्री एन.के. राठौड, जिला परियोजना अधिकारी, जोधपुर |
| 14. | श्री लक्ष्मण लाल गुरू, आवासीय अभियन्ता, खण्ड–ाा, राजस्थान आवासन मण्डल, जोधपुर |
| 15. | श्री डूंगरसिंह गहलोत, सहायक पर्यटक अधिकारी, जोधपुर |
| 16. | श्री लूणकरण पुराहित, अधिवक्ता, राजस्थान उच्च न्यायाल, जोधपुर |
| 17. | श्री जुगल किशोर पंवार, सचिव, जोधपुर ट्यूरिट बस ऑनर्स एसोसिएशन, जोधपुर |
| 18. | श्री हरिसिंह आर्य, अध्यक्ष, केन्द्रीय सिटी बस ऑनर्स एसोसिएशन, जोधपुर |
| 19. | श्री पी.आर. बेनीवाल, उप नगर नियोजक, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 20. | श्री हरजी लाल अटल, सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |